# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## मई भाग-1 2022

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009

फोन: 8750187501

ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-1

प्रश्न 1. स्लॉथ बियर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये IUCN रेड लिस्ट में गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों के रूप में संरक्षित हैं।
2. ये भारत में पाए जाते हैं एवं इनमें हाइबरनेट (शीतनिद्रा) की स्थिति नहीं पाई जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हाथी जनगणना (2017) के अनुसार, हाथियों की संख्या के मामले में कर्नाटक, असम और केरल भारत के शीर्ष तीन राज्य हैं।
2. एशियाई हाथी और अफ्रीकी बुश हाथी को IUCN रेड लिस्ट में लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 3. 'अटल न्यू इंडिया चैलेंज' निम्नलिखित में से किसका एक प्रमुख कार्यक्रम है?

A. विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
B. नीति आयोग
C. शिक्षा मंत्रालय
D. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन

प्रश्न 4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अर्द्धचालकों की विद्युत चालकता एक कंडक्टर और एक इन्सुलेटर के मध्य होती है।
2. सिलिकॉन, जर्मेनियम, गैलियम आर्सेनाइड अर्द्धचालक के उदाहरण हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1और न ही 2

प्रश्न 5. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP), 2020 के आधार पर तैयार किया जा रहा है।
2. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के विकास को शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय संचालन समिति (NSC) द्वारा निर्देशित किया जा रहा है।
3. प्रौढ़ शिक्षा के लिये राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (NCFAE) नए पाठ्यक्रम का एक हिस्सा है।

निम्नलिखित कूटों का प्रयोग कर सही विकल्प का चयन कीजिये।

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**नोट :**

प्रश्न 6. बसवेश्वर की शिक्षाओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अरिवु, आचार एवं अनुभव के उनके सिद्धांत परमात्मा के साथ मिलन के लिये समग्र दृष्टिकोण की वकालत करते हैं।
2. कायाका बसवेश्वर द्वारा दिया गया सामाजिक-आर्थिक सिद्धांत है जिसके अनुसार समान कार्य के लिये समान आय होनी चाहिये।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 7. विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक निम्नलिखित में से किस संस्थान द्वारा जारी किया जाता है?

A. एमनेस्टी इंटरनेशनल
B. ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन
C. रिपोर्टर्स सेन्स फ्रंटियर्स
D. विश्व न्याय परियोजना

प्रश्न 8. वायु स्वतंत्र प्रणोदन प्रौद्योगिकी (AIP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पारंपरिक गैर-परमाणु पनडुब्बियों के लिये एक तकनीक है।
2. यह पारंपरिक पनडुब्बी को सामान्य डीज़ल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों की तुलना में अधिक समय तक जलमग्न रहने की अनुमति देती है।
3. AIP स्थापित करने से नावों की लंबाई और वज़न कम हो जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

प्रश्न 9. अनंग ताल झील किस राज्य में स्थित है?

A. अमृतसर
B. इंफाल
C. दिल्ली
D. जयपुर

प्रश्न 10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ट्रांसनिस्ट्रिया ने सोवियत संघ के टूटने के तुरंत बाद मोल्दोवा की तरह स्वतंत्रता की घोषणा की।
2. ट्रांसनिस्ट्रिया कुछ समय पहले तक यूक्रेन का हिस्सा था।
3. मोल्दोवा यूरोपीय संघ और उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) का सदस्य नहीं है।

निम्नलिखित कूटों में से सही विकल्प का चयन कीजिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

प्रश्न 11. स्टेट ऑफ द वर्ल्ड फॉरेस्ट रिपोर्ट हाल ही में खबरों में रही है, यह निम्नलिखित में से किस संस्थान द्वारा जारी की जाती है?

A. खाद्य और कृषि संगठन
B. ग्रीनपीस इंटरनेशनल
C. वैश्विक वन्यजीव संरक्षण
D. रेनफॉरेस्ट फाउंडेशन नॉर्वे

नोट :

प्रश्न 12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. शिगेलोसिस एक जीवाणु जनित संक्रमण है।
2. शिगेलोसिस के लिये कोई टीका उपलब्ध नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 13. 'हरित रणनीतिक साझेदारी' हाल ही में चर्चा में थी। यह निम्नलिखित में से किस देश के बीच हस्ताक्षरित है?

A. यूरोपीय संघ
B. रूस और चीन
C. भारत और भूटान
D. भारत और डेनमार्क

प्रश्न 14. भारत के महापंजीयक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना तत्कालीन योजना आयोग के तहत भारत सरकार द्वारा की गई थी।
2. यह भारत की जनगणना और भारतीय भाषा सर्वेक्षण सहित भारत के जनसांख्यिकीय सर्वेक्षणों के परिणामों की व्यवस्था, संचालन और विश्लेषण करता है।.

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1और न ही 2

प्रश्न 15. निम्नलिखित में से कौन-से देश नॉर्वे के साथ भूमि सीमा साझा करते हैं?

1. डेनमार्क
2. स्वीडन
3. फिनलैंड
4. आइसलैंड
5. रूस

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1, 3 और 4
B. केवल 2, 4 और 5
C. केवल 2, 3 और 5
D. केवल 1, 2, 3 और 5

प्रश्न 16. हाल ही में चर्चा में रही खाद्य संकट पर वैश्विक रिपोर्ट 2022 किस संस्थान द्वारा जारी की गई है?

A. यूनेस्को
B. अक्षय पात्र फाउंडेशन
C. ग्लोबल नेटवर्क अगेंस्ट फ़ूड क्राइसिस
D. जी-20 देश

**नोट :**

प्रश्न 17. मौद्रिक नीति समिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आरबीआई का गवर्नर समिति का पदेन अध्यक्ष होता है।
2. इसकी स्थापना उषा थोराट समिति की सिफारिश पर की गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 18. भारत में गर्भपात कानूनों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 312 के तहत गर्भपात अपराध है।
2. 2021 में मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट, 1971 में किये गए संशोधन के माध्यम से गर्भपात की सीमा को गर्भावस्था से 20 सप्ताह तक बढ़ा दिया गया है।
3. भ्रूण की विकलांगता के मामले में गर्भपात के लिये कोई समय-सीमा नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

प्रश्न 19. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय इसका नोडल मंत्रालय है।
2. इसके लाभार्थी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत आते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 20. 'क्रय प्रबंधक सूचकांक' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में आर्थिक प्रवृत्तियों की प्रचलित दिशा का एक सूचकांक है।
2. इसे IHS मार्किट द्वारा संकलित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 21. पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (PM MITRA) पार्क योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पार्क का विकास एक विशेष प्रयोजन वाहन द्वारा किया जाएगा जिसका पूर्ण स्वामित्व केंद्र सरकार के पास होगा।
2. केंद्र प्रत्येक ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड मित्र पार्क हेतु विकास पूंजी सहायता प्रदान करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

प्रश्न 22. कॉयर जियो टेक्सटाइल के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से सही है/हैं ?

A. यह स्वाभाविक रूप से सड़ने,फफूंद लगने और नमी के लिये प्रतिरोधी है।

B. यह एक पारगम्य व प्राकृतिक कपड़ा है,लेकिन अत्यधिक टिकाऊ नहीं है।

C. यह पूरी तरह से जैवनिम्नकरणीय है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

प्रश्न 23. दाविंसी प्लस (DaVinci Plus) और वेरिटस (Veritas) हाल ही में चर्चा में रहे हैं। यह निम्नलिखित मंच से किससे संबंधित है ?

A. विश्व का नया मानचित्र मानचित्रण अभ्यास

B. शुक्र के लिये नासा की जाँच

C. इटली में पाए गए  नए पुरातत्व स्थल

D. भूमध्य सागर में सक्रिय ज्वालामुखी

प्रश्न 24. 'वेस्ट बैंक' के नाम से जाना जाने वाला क्षेत्र कभी-कभी संबंधित घटनाओं के कारण चर्चा में रहता है जो संबंधित है:

A. मध्य एशिया

B. पश्चिम एशिया

C. दक्षिण - पूर्व एशिया

D. मध्य पूर्व

प्रश्न 25. निम्नलिखित में से किसे विश्व खाद्य पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया है ?

A. डॉ. शकुंतला हरक सिंह

B. अक्षय पात्र फाउंडेशन

C. अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान

D. डॉ सिंथिया रोसेनज़विग

प्रश्न 26. निम्नलिखित में से कौन-सा/से प्लांट्स टिशू कल्चर का/के अनुप्रयोग है/हैं ?

1. इसका उपयोग पौधों के श्वसन का अध्ययन करने के लिये किया जाता है।
2. इसका उपयोग सोमाक्लोनल विविधताओं के उत्पादन में किया जाता है।
3. भ्रूण बचाव।
4. अगुणित का उत्पादन (गुणसूत्रों के एकल सेट वाली कोशिकाएँ)।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 3

B. केवल 1, 2 और 4

C. केवल 2 और 4

D. 1, 2, 3 और 4

प्रश्न 27. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. NFHS के उत्तरोत्तर चरणों  का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य और परिवार कल्याण से संबंधित विश्वसनीय एवं तुलनीय डेटा प्रदान करना है।
2. NFHS-4 की तुलना में NFHS-5 में अधिकांश राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में अधिक वज़न या मोटापे की व्यापकता में कमी आई है।
3. भारत में केवल दस राज्य ऐसे हैं जो 2.1 के प्रजनन क्षमता के प्रतिस्थापन स्तर से ऊपर हैं।

नोट :

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

प्रश्न 28. उष्णकटिबंधीय चक्रवात के निर्माण के लिये अनुकूल परिस्थितियाँ क्या हैं?

1. 27 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान वाली एक बड़ी समुद्री सतह।
2. कोरिओलिस बल की अनुपस्थिति।
3. ऊर्ध्वाधर हवा की गति में छोटे बदलाव।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

प्रश्न 29. मंकी पॉक्स के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मंकी पॉक्स एक वायरल जूनोटिक बीमारी है।
2. यह लिम्फैडेनोपैथी का कारण बनता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 30. हाल ही में चर्चा में रहा 'वेट बल्ब तापमान' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. ओज़ोन परत के निर्माण के लिये न्यूनतम तापमान।

B. न्यूनतम तापमान जिस पर जल के वाष्पीकरण द्वारा हवा को ठंडा किया जा सकता है।

C. तापमान जिस पर टंगस्टन फिलामेंट जल जाता है।

D. प्रवालों के निर्वाह हेतु महत्त्वपूर्ण तापमान।

प्रश्न 31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उन्होंने मोंटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधारों को तैयार करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
2. उनकी विचारधारा नरमपंथियों और कट्टरपंथियों के बीच एक मध्य मार्गीय की थी।
3. हितवाद उनके द्वारा शुरू किया गया एक अंग्रेजी साप्ताहिक समाचार पत्र था।

गोपाल कृष्ण गोखले के संबंध में उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

प्रश्न 32. सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MPLADS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राज्यसभा और लोकसभा दोनों के मनोनीत सदस्य इस योजना के तहत देश में कहीं भी कार्यों की सिफारिश कर सकते हैं।
2. MPLADS के अंतर्गत निधियाँ व्यपगत नहीं होती हैं।
3. MPLADS फंड का उपयोग टिकाऊ और गैर-टिकाऊ संपत्ति दोनों बनाने के लिये किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 3

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

प्रश्न 33. अटल पेंशन योजना (APY) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के लोगों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने की एक पहल है।
2. यह पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) द्वारा प्रशासित है।
3. यह योजना 18-50 वर्ष के आयु वर्ग के लिये है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

प्रश्न 34. संविधान में निहित मौलिक अधिकारों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये अटल या स्थायी नहीं हैं और संसद केवल एक संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा उन्हें कम या निरस्त कर सकती है।
2. अधिकार गैर-न्यायसंगत हैं और अगर इनका उल्लंघन किया जाता है तो ये व्यक्तियों को उनके प्रवर्तन के लिये अदालतों में अपील की अनुमति नहीं देते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 35. हल्दीघाटी का युद्ध निम्नलिखित में से किनके बीच लड़ा गया था?

A. अकबर और हेमू

B. बाबर और इब्राहिम लोदी

C. महाराणा प्रताप और अकबर

D. बाबर और राणा सांगा

प्रश्न 36. डब्ल्यू बोसॉन कण के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह विद्युत रूप से तटस्थ है।
2. फोटॉन के विपरीत यह काफी बड़ा है।
3. इसे पहली बार यूरोपियन ऑर्गनाइज़ेशन फॉर न्यूक्लियर रिसर्च (CERN) में देखा गया था।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

प्रश्न 37. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | पहल | लक्ष्य |
|---|---|---|
| 1. | दिल्ली घोषणा 2019 | भूमि पर बेहतर पहुँच और प्रबंधन। |
| 2. | बॉन चैलेंज | भूमि क्षरण के खिलाफ लड़ने और देशी पौधों के जीवन को परिदृश्य में पुनर्जीवित करने का प्रयास। |
| 3. | ग्रेट ग्रीन वॉल | इसके तहत वर्ष 2020 तक विश्व के 150 मिलियन हेक्टेयर गैर-वनीकृत एवं बंजर भूमि पर वनस्पतियाँ उगाई जाएंगी। |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 3

D. केवल 2 और 3

प्रश्न.38 ओपन रेडियो एक्सेस नेटवर्क (O-RAN) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये?

1. O-RAN एक ऐसी तकनीक है जो विभिन्न प्रकार के विक्रेताओं के उप-घटकों का उपयोग करके नेटवर्क बनाने की अनुमति देती है।
2. इसकी प्रमुख अवधारणा रेडियो एक्सेस नेटवर्क में विभिन्न उप-घटकों के बीच प्रोटोकॉल और इंटरफेस को "खोलना" है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

2. वर्ष 2008 में गंगा को भारत की 'राष्ट्रीय नदी' घोषित किया गया था।
3. गंगा कार्य योजना पहली नदी कार्य योजना थी जिसे पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा पानी की गुणवत्ता में सुधार के लिये लाया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न:40 एम-प्राइम प्लेबुक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजये:

2. एम-प्राइम प्लेबुक को विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया था।
3. इसका उद्देश्य प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के माध्यम से विज्ञान आधारित, गहन प्रौद्योगिकी विचारों को बाज़ार में बढ़ावा देना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

प्रश्न:41 निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| वीरता पुरस्कार | विशेषता |
|---|---|
| 1. परमवीर चक्र | यह दूसरा सर्वोच्च वीरता पुरस्कार है। |
| 2. महावीर चक्र | यह भारत का सर्वोच्च सैन्य पुरस्कार है। |
| 3. वीर चक्र | यह देश का तीसरा सबसे बड़ा युद्धकालीन वीरता पुरस्कार है। |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 3

D. केवल 2 और 3

Q.42 विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये::

1. इसकी उत्पत्ति अंतर्राष्ट्रीय मौसम विज्ञान संगठन (IMO) से हुई है।
2. भारत WMO का सदस्य नहीं है।
3. इसका मुख्यालय लंदन, यूनाइटेड किंगडम में है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

प्रश्न.43 निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | क्षमादान की शक्ति | प्रावधान |
|---|---|---|
| 1. | लघुकरण | दंड और बंदीकरण दोनों को हटा दिया जाता है |
| 2. | परिहार | इसका अर्थ है दंड के चरित्र को बदले बिना दंड की अवधि को कम करना |
| 3. | विराम | किसी दोषी को मूल रूप में दी गई सज़ा को किन्हीं विशेष परिस्थितियों में कम करना |
| 4. | प्रविलंबन | स्थायी समय के लिये किसी सज़ा (विशेषकर मृत्युदंड) के निष्पादन पर रोक लगाना |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 3

D. केवल 2 और 3

प्रश्न.44 73वें संविधान संशोधन के अनिवार्य प्रावधान निम्नलिखित में से कौन से हैं?

1. पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण प्रदान करना।
2. पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव लड़ने के लिये न्यूनतम आयु 21 वर्ष आवश्यक है।
3. हर पाँच वर्ष में प्रत्येक राज्य में एक राज्य वित्त आयोग की स्थापना करना।

नोट :

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 3

B. केवल 3

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

प्रश्न.45 भारत के विधि आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत सरकार द्वारा गठित एक वैधानिक निकाय है।
2. पहला विधि आयोग 1833 के चार्टर अधिनियम द्वारा गठित किया गया था और इसकी अध्यक्षता लॉर्ड मैकाले ने की थी।
3. यह कानून और न्याय मंत्रालय के सलाहकार निकाय के रूप में काम करता है।

नीचे दिये गए कूट में से सही विकल्प का चयन कीजिये:

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

प्रश्न:46 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राखीगढ़ी भारतीय उपमहाद्वीप का सबसे बड़ा हड़प्पा स्थल है।
2. राखीगढ़ी के स्थल की खुदाई आर.ई.एम. व्हीलर द्वारा की गई।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

Q.47 एशियाई चुनाव प्राधिकरणों का संघ (AAEA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना वर्ष 1998 में एशियाई चुनावों पर संगोष्ठी के प्रतिभागियों द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुसरण में की गई थी।
2. भारत का चुनाव आयोग (ECI) एएईए का संस्थापक सदस्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न 48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान का भाग XIV भारत के निर्वाचन आयोग (ECI) से संबंधित है।
2. राष्ट्रपति,मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करता है।
3. भारत के निर्वाचन आयोग के सदस्यों का निश्चित कार्यकाल छह वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक (जो भी पहले हो) होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

Q.49 विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह निवेशक को वित्तीय परिसंपत्तियों का प्रत्यक्ष स्वामित्व प्रदान नहीं करता है।
2. विदेशी पोर्टफोलियो निवेश, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की तुलना में जोखिमभरा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.50 हाल ही में इवेंट होराइज़न टेलीस्कोप (EHT) सुविधा ने सैगेटेरियस A* नाम की पहली छवि की पुष्टि की। यह निम्नलिखित में से किसकी छवि है?

A. एक ब्लैक होल की
B. एक बौने ग्रह की
C. एक नए खोजे गए ग्रह की
D. सुदूर स्थित आकाशगंगा की

प्रश्न.51 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हाइपरटेंशन एक ऐसी स्थिति है जहाँ प्रकुंचन रक्तदाब स्तर 90 mmHg के बराबर या उससे अधिक होता है।
2. भारत के दक्षिणी राज्यों में उच्च रक्तचाप की व्यापकता राष्ट्रीय औसत से अधिक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.52 नीम कोटेड यूरिया के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह धान, गन्ना और मक्का की उपज में वृद्धि में योगदान देता है।
2. सभी घरेलू उत्पादकों के लिये नीम कोटेड यूरिया (NCU) के रूप में शत-प्रतिशत यूरिया का उत्पादन करना अनिवार्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न.53 प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अधिसूचित फसलों के लिये फसल ऋण/किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) खाते का लाभ उठाने वाले ऋणी किसानों हेतु यह योजना अनिवार्य है।
2. सभी खरीफ फसलों के लिये निर्धारित प्रीमियम की दर 2% और सभी रबी फसलों के लिये यह दर 1.5% है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

प्रश्न:54 क्रिप्टोकरेंसी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह मुद्रा का एक रूप है जो डिजिटल या आभासी रूप में पाई जाती है तथा लेन-देन को सुरक्षित करने के लिये क्रिप्टोग्राफी का उपयोग करती है।
2. क्रिप्टोकरेंसी एक केंद्रीकृत पीयर-टू-पीयर नेटवर्क द्वारा समर्थित है जिसे ब्लॉकचेन कहा जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

प्रश्न:55 स्वदेशी mRNA वैक्सीन तकनीक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह तकनीक RNA और DNA दोनों का उपयोग तकनीकी कोशिकाओं द्वारा प्रोटीन निर्मित करने हेतु करती है जो हमारे शरीर के अंदर एक प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को ट्रिगर करता है।
2. यह ACE2 मेम्ब्रेन प्रोटीन को सक्रिय करके कार्य करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1और न ही 2

## व्याख्या भाग-1

1.

उत्तर: B

व्याख्या:

स्लॉथ बीयर:

- परिचय: स्लॉथ बीयर श्रीलंका, भारत, भूटान और नेपाल में मुख्य रूप से तराई क्षेत्रों में पाए जाते हैं।
  - स्लॉथ बीयर मुख्य रूप से दीमक और चींटियों को खाते हैं तथा भालू की अन्य प्रजातियों के विपरीत वे नियमित रूप से अपने शावकों को अपनी पीठ पर ले जाते हैं।
  - ये शहद खाने के भी बहुत शौकीन होते हैं, इसलिये इन्हें 'हनी बीयर' (Honey Bear) भी कहा जाता है।
  - स्लॉथ बीयर हाइबरनेट (hibernate) अर्थात् शीतनिद्रा की स्थिति में नही जाते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- वैज्ञानिक नाम: मेलूरसस अर्सिनस (Melursus Ursinus)।
- वास स्थान: इसे हनी बीयर (Honey Bear) और हिंदी भालू भी कहा जाता है, यह उर्सिडा/उर्सिडी (Ursidae) परिवार का हिस्सा है। ये भारत और श्रीलंका के उष्णकटिबंधीय या उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाए जाते हैं।
- संरक्षण स्थिति:
  - IUCN की रेड लिस्ट: सुभेद्य (Vulnerable), अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - CITES: परिशिष्ट-I
  - भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972: अनुसूची-I अत: विकल्प B सही उत्तर है।

2.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत लगभग 27,000 एशियाई हाथियों का घर है, जो विश्व की हाथी प्रजातियों की सबसे बड़ी आबादी है।
- हाथी जनगणना 2017 के अनुसार, कर्नाटक में हाथियों की संख्या सबसे अधिक (6,049) है, इसके बाद असम (5,719) और केरल (3,054) का स्थान है। अत: कथन 1 सही है।

- एशियाई हाथी:
    - परिचय:
        - एशियाई हाथी की तीन उप-प्रजातियाँ हैं: भारतीय, सुमात्रन तथा श्रीलंकन।
        - भारतीय उप-प्रजाति सर्वाधिक विस्तृत क्षेत्र में पाई जाती है।
- हाथियों के झुंड का नेतृत्व सबसे पुरानी और बड़ी मादा सदस्य (झुंड की माता) द्वारा किया जाता है। इस झुंड में नर हाथी की सभी संतानें (नर और मादा) शामिल होती हैं।
- हाथियों में सभी स्तनधारियों की सबसे लंबी गर्भकालीन (गर्भावस्था) अवधि होती है, जो 680 दिनों (22 महीने) तक चलती है।
- 14 से 45 वर्ष के बीच की मादा हाथी लगभग हर चार साल में बच्चे को जन्म दे सकती हैं, जबकि औसत जन्म अंतराल 52 साल की उम्र में पाँच साल और 60 साल की उम्र में छह साल तक बढ़ जाता है।
        - वैश्विक जनसंख्या: अनुमानित 20,000 से 40,000।
    - सुरक्षा की स्थिति:
- IUCN रेड लिस्ट: संकटग्रस्त
- वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972: अनुसूची-1
- CITES: परिशिष्ट- I
- अफ्रीकी हाथी:
    - परिचय:
        - अफ्रीकी हाथियों की दो उप-प्रजातियाँ हैं, सवाना (या झाड़ी) हाथी और वन हाथी।
        - वैश्विक जनसंख्या: लगभग 4,00,000
        - इससे पहले जुलाई 2020 में बोत्सवाना (अफ्रीका) में सैकड़ों हाथियों की मौत हुई थी।
    - सुरक्षा की स्थिति:
        - IUCN रेड लिस्ट में स्थान:
- अफ्रीकी सवाना हाथी: संकटग्रस्त, अत: कथन 2 सही है।
- अफ्रीकी वन हाथी: अतिसंकटग्रस्त
- CITES: परिशिष्ट- II

3.

उत्तर: B

व्याख्या:

अटल न्यू इंडिया चैलेंज:

- अटल न्यू इंडिया चैलेंज अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग का एक प्रमुख कार्यक्रम है।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रौद्योगिकी आधारित उन नवाचारों की तलाश, चयन, समर्थन करना और उन्हें बढ़ावा देना है जो राष्ट्रीय महत्त्व एवं सामाजिक प्रासंगिकता से संबंधित क्षेत्रीय चुनौतियों का समाधान करते हैं।
- ANIC प्रोटोटाइप चरण में नवाचारों की मांग के साथ 12-18 महीनों के दौरान चयनित स्टार्टअप को व्यावसायीकरण चरण में सहयोग करता है। अत: विकल्प B सही है।

नोट :

4.

उत्तर: C

व्याख्या:

अर्द्धचालक:

- एक कंडक्टर (Conductor) और इन्सुलेटर (Insulator) के बीच विद्युत चालकता में मध्यवर्ती क्रिस्टलीय ठोस का कोई भी वर्ग। अत: कथन 1 सही है।
- अर्द्धचालकों का उपयोग डायोड, ट्रांज़िस्टर और एकीकृत सर्किट सहित विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माण में किया जाता है।
- इस तरह के उपकरणों को उनकी कॉम्पैक्टनेस, विश्वसनीयता, बिजली दक्षता एवं कम लागत के कारण व्यापक रूप से प्रयोग में लाया जाता है।
- अर्द्धचालकों के कुछ उदाहरण सिलिकॉन, जर्मेनियम, गैलियम आर्सेनाइड हैं। अत: कथन 2 सही है।

5.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में शिक्षा मंत्रालय ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 के तहत राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के लिये "अधिदेश दस्तावेज़" जारी किया है। अत: कथन 1 सही है।
- परिवर्तनकारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन का केंद्र नया राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (NCF) है जो हमारे स्कूलों और कक्षाओं में एनईपी 2020 के दृष्टिकोण को वास्तविकता में परिवर्तित करके देश में उत्कृष्ट शिक्षण एवं सीखने की प्रक्रिया को सशक्त बनाएगा।
- NCF के विकास को राष्ट्रीय संचालन समिति (NSC) द्वारा निर्देशित किया जा रहा है, इसकी अध्यक्षता डॉ. के कस्तूरीरंगन कर रहे हैं जो राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) के साथ अधिदेश समूह द्वारा समर्थित है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - NCF में शामिल होंगे:
    - स्कूली शिक्षा के लिये राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (NCFSE),
    - बचपन की देखभाल और शिक्षा के लिये राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (NCFECCE)
    - शिक्षकों की शिक्षा के लिये राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (NCFTE)
    - प्रौढ़ शिक्षा के लिये राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (NCFAE), अत: कथन 3 सही है।

6.

उत्तर: A

व्याख्या:

- ये 12वीं सदी के कवि और दार्शनिक थे जिन्हें लिंगायत समुदाय में विशेष महत्त्व एवं सम्मान प्राप्त है, क्योंकि वे लिंगायतवाद के संस्थापक थे।
    - लिंगायत शब्द का आशय एक ऐसे व्यक्ति से है जो दीक्षा समारोह के दौरान प्राप्त लिंग को शरीर पर व्यक्तिगत रूप से धारण करता है जिसे भगवान शिव के एक प्रतिष्ठित रूप मानते हुए धारण किया जाता है।
- कल्याण में कलचुर्य राजा बिज्जल (1157-1167 ई.) ने अपने दरबार में बसवेश्वर को प्रारंभिक चरण में एक कर्णिका (लेखाकार) के रूप में और बाद में प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया।
- मुख्य शिक्षाएँ: उनका आध्यात्मिक अनुशासन अरिवु (सच्चा ज्ञान), आचार (सही आचरण) और अनुभव (दिव्य अनुभव) के सिद्धांतों पर आधारित था जिसने 12वीं शताब्दी में एक सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक क्रांति को जन्म दिया।
    - यह मार्ग लिंगनगयोग (ईश्वर के साथ मिलन) के लिये एक समग्र दृष्टिकोण की वकालत करता है। अत: कथन 1 सही है।
    - यह व्यापक अनुशासन भक्ति, ज्ञान, और क्रिया को अच्छी तरह व संतुलित तरीके से शामिल करता है।

नोट :

- सामाजिक-आर्थिक सिद्धांत: बसवेश्वर ने दो बहुत महत्त्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक सिद्धांत दिये।
  - कायाक (ईश्वरीय कार्य):
    - इसके अनुसार समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पसंद के कार्य को पूरी ईमानदारी के साथ करना चाहिये।
  - दसोहा (समान वितरण):
    - समान काम के लिये समान आय होनी चाहिये। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - कार्यकर्त्ता (कायाकजीवी) अपनी मेहनत की कमाई से अपना दैनिक जीवन व्यतीत कर सकता है लेकिन उसे धन या संपत्ति को भविष्य के लिये सुरक्षित नहीं रखना चाहिये और अधिशेष धन का उपयोग समाज एवं गरीबों के हित में करना चाहिये।

7.

उत्तर: C

व्याख्या:

विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक:

- परिचय:
  - यह वर्ष 2002 से 'रिपोर्टर्स सेन्स फ्रंटियर्स' (RSF) या 'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' द्वारा प्रत्येक वर्ष प्रकाशित किया जाता है।
    - पेरिस में स्थित RSF संयुक्त राष्ट्र, यूनेस्को, यूरोपीय परिषद् और फ्रैंकोफोनी के अंतर्राष्ट्रीय संगठन (OIF) के परामर्शी स्थिति के साथ एक स्वतंत्र गैर-सरकारी संगठन है।
- OIF, 54 फ्रेंच भाषी राष्ट्रों का एक समूह है।
- पत्रकारों के लिये उपलब्ध स्वतंत्रता के स्तर के अनुसार यह सूचकांक देशों और क्षेत्रों को रैंक प्रदान करता है। हालाँकि यह पत्रकारिता की गुणवत्ता का संकेतक नहीं है। अत: विकल्प C सही है।

8.

उत्तर: A

व्याख्या:

- AIP पारंपरिक गैर-परमाणु पनडुब्बियों के लिये एक तकनीक है। अत: कथन 1 सही है।
- पनडुब्बियाँ अनिवार्य रूप से दो प्रकार की होती हैं: पारंपरिक और परमाणु।
- पारंपरिक पनडुब्बियाँ डीज़ल-इलेक्ट्रिक इंजन का उपयोग करती हैं, जिससे उन्हें ईंधन के दहन के लिये वायुमंडलीय ऑक्सीजन प्राप्त करने हेतु प्रतिदिन सतह पर आना पड़ता है।
- यदि पनडुब्बी AIP प्रणाली से सुसज्जित होंगी तो इन्हें सप्ताह में केवल एक बार ऑक्सीजन लेने की आवश्यकता होगी।
- स्वदेशी रूप से विकसित AIP नौसेना सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला (NMRL-DRDO) के प्रमुख मिशनों में से एक है, जिसे नौसेना के लिये DRDO (रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन) की महत्त्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक माना जाता है।
- AIP तकनीक एक पारंपरिक पनडुब्बी को सामान्य डीज़ल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों की तुलना में अधिक समय तक जलमग्न रहने की क्षमता प्रदान करती है। अत: कथन 2 सही है।
- AIP स्थापित करने से नावों की लंबाई और वज़न बढ़ जाता है, इसके लिये जहाज़ पर दबावयुक्त तरल ऑक्सीजन (LOX) भंडारण और तीनों प्रौद्योगिकियों हेतु आपूर्ति की आवश्यकता होती है। अत: कथन 3 सही नहीं है। अत: विकल्प A सही उत्तर है।

9.

उत्तर: C

व्याख्या:

- यह झील दिल्ली के महरौली में स्थित है जिसका निर्माण तोमर राजा अनंगपाल द्वितीय द्वारा 1060 ईस्वी में कराया गया था।
- उन्हें 11वीं शताब्दी में दिल्ली की स्थापना करने और इसे बसाने हेतु जाना जाता है।

- सहस्राब्दी पुराना अनंग ताल दिल्ली के प्रारंभिक कालखंड का प्रतीक है।
- अनंग ताल का राजस्थान से एक मज़बूत संबंध है क्योंकि महाराजा अनंगपाल को पृथ्वीराज चौहान के नाना के रूप में जाना जाता है, जिनका किला राय पिथौरा, ASI की सूची में शामिल है। अत: विकल्प C सही उत्तर है।

10.

उत्तर: C

व्याख्या:

- ट्रांसनिस्ट्रिया को "सोवियत संघ के अवशेष" के रूप में वर्णित किया गया है, ट्रांसनिस्ट्रिया ने स्वतंत्रता की घोषणा उसी प्रकार की जैसे कि मोल्दोवा ने सोवियत संघ के टूटने के तुरंत बाद की थी। अत: कथन 1 सही है।
- जब मोल्दोवा के सैनिकों ने 1990-1992 में इस क्षेत्र पर कब्ज़ा करने का प्रयास किया तो ट्रांसनिस्ट्रिया में स्थित रूसी सैनिकों की उपस्थिति के कारण ट्रांसनिस्ट्रिया उनका विरोध करने में सक्षम हुआ।
  - तब से यह मोल्दोवा के नियंत्रण से मुक्त रहा है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- मोल्दोवा यूरोपीय संघ और उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) का सदस्य नहीं है। अत: कथन 3 सही है।

11.

उत्तर: A

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (United Nations Food and Agriculture Organization- FAO) द्वारा स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स फॉरेस्ट्स 2022 (SOFO 2022) रिपोर्ट जारी की गई।
- इस रिपोर्ट का प्रकाशन द्वि-वार्षिक तौर पर किया जाता है तथा इसे व्यापक रूप से वन पारिस्थितिकी तंत्र पर सबसे महत्त्वपूर्ण डेटा या स्टॉक में से एक के रूप में माना जाता है।
- SOFO का 2022 संस्करण हरित पुनर्प्राप्ति, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के क्षरण सहित पृथ्वी पर बहुआयामी संकटों से निपटने हेतु तीन वन मार्गों की क्षमता का निरीक्षण करता है। ये हैं:
  - वनों की कटाई को रोकना और वनों को बनाए रखना।
  - निम्नीकृत भूमि को बहाल करना और कृषि वानिकी का विस्तार करना।
  - वनों का सतत् उपयोग और हरित मूल्य शृंखला का निर्माण। अत: विकल्प A सही है।

12.

उत्तर: C

व्याख्या:

- शिगेला, बैक्टीरिया का एक प्रकार है जो शिगेलोसिस नामक संक्रमण का कारण बनता है। यह विश्व भर में बैक्टीरियल डायरिया (रोटावायरस के बाद) का दूसरा तथा 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु का तीसरा प्रमुख कारण है।अत: कथन 1 सही है।.
  - विश्व भर में शिगेलोसिस मामलों की वार्षिक संख्या 164.7 मिलियन होने का अनुमान है।
  - इसके लक्षणों में दस्त, बुखार, पेट में ऐंठन शामिल हैं जो सात दिनों तक रह सकते हैं।
- शिगेलोसिस मुख्य रूप से गरीब और भीड़-भाड़ वाले समुदायों की बीमारी है, जिनके पास पर्याप्त स्वच्छता या सुरक्षित जल उपलब्ध नहीं है।
- वर्तमान में शिगेलोसिस के लिये कोई टीका उपलब्ध नहीं है। अत: कथन 2 सही है।
- बहुऔषध प्रतिरोध की बढ़ती दर के कारण विशेष रूप से एशियाई और अफ्रीकी क्षेत्रों में फ्लोरोक्विनोलोन के प्रतिरोध के कारण इसे WHO की प्राथमिकता रोगजनकों की एंटीबायोटिक सूची द्वारा नए एवं प्रभावी एंटीबायोटिक उपचार के अनुसंधान व विकास के लिये एक मध्यम प्राथमिकता प्रतिरोधी बैक्टीरिया के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

13.

उत्तर: D

व्याख्या:

हरित रणनीतिक साझेदारी:

- वर्ष 2020 में आयोजित वर्चुअल समिट के दौरान भारत और डेनमार्क के संबंधों को "हरित रणनीतिक साझेदारी" के स्तर तक बढ़ा दिया गया था।
- हरित रणनीतिक साझेदारी महत्त्वाकांक्षी 'पेरिस समझौते' और संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित 'सतत् विकास लक्ष्यों' के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ राजनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने, आर्थिक संबंधों और हरित विकास का विस्तार करने, रोज़गार सृजन और वैश्विक चुनौतियों एवं अवसरों के समाधान में सहयोग को मज़बूत करने की दिशा में एक पारस्परिक समझौता है।
- दोनों देशों ने हरित रणनीतिक साझेदारी की स्थापना के महत्त्व को स्वीकार करते हुए भारत और डेनमार्क के संबंधित मंत्रालयों, संस्थानों व हितधारकों के माध्यम से सहयोग करने का आश्वासन किया है।
- जलवायु एजेंडे में भारत और डेनमार्क दोनों के महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य हैं।
- भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा $CO_2$ उत्सर्जक है और 2030 तक देश में कार्बन उत्सर्जन दोगुना होने की संभावना है।
- डेनमार्क सरकार की 2030 तक $CO_2$ उत्सर्जन को 70% तक कम करने की महत्त्वाकांक्षा है और इसका उद्देश्य सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा को लेकर SDG 7 पर अंतर्राष्ट्रीय नेतृत्व करना है। अत: विकल्प D सही है।

14.

उत्तर: B

व्याख्या:

- वर्ष 1961 में भारत का महापंजीयक की स्थापना गृह मंत्रालय के तहत भारत सरकार द्वारा की गई थी। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह भारत की जनगणना और भारतीय भाषा सर्वेक्षण सहित भारत के जनसांख्यिकीय सर्वेक्षणों के परिणामों की व्यवस्था, संचालन तथा विश्लेषण करता है। अत: कथन 2 सही है।
- प्राय: एक सिविल सेवक को ही रजिस्ट्रार के पद पर नियुक्त किया जाता है जिसकी रैंक संयुक्त सचिव पद के समान होती है।

15.

उत्तर: C

- नॉर्वे के उत्तर में बेरेंट सागर, पश्चिम में नॉर्वेजियन व उत्तरी सागर तथा दक्षिण में स्केगरक (स्केगर जलडमरूमध्य) है।
- नॉर्वे की केवल पूर्व में स्वीडन, फिनलैंड और रूस के साथ भूमि सीमाएँ हैं। अत: विकल्प C सही है।

16.

उत्तर: C

व्याख्या:

- खाद्य संकट पर वैश्विक रिपोर्ट 2022 ग्लोबल नेटवर्क अगेंस्ट फ़ूड क्राइसिस का प्रमुख प्रकाशन है और इसे खाद्य सुरक्षा सूचना नेटवर्क (FSIN) द्वारा सुगम बनाया गया है।
- इसकी स्थापना वर्ष 2016 में यूरोपीय संघ, FAO और WFP द्वारा की गई थी।
- यह खाद्य संकट को रोकने, इसके लिये तैयारी करने और प्रतिक्रिया देने व भूख को समाप्त करने के लिये सतत् विकास लक्ष्य (SDG2) का समर्थन करने हेतु एक साथ काम करने वाले मानवीय व विकास कार्यकर्त्ताओं का एक गठबंधन है। अत: विकल्प C सही है।

17.

उत्तर: A

व्याख्या:

### मौद्रिक नीति समिति:

- यह विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मूल्य स्थिरता बनाए रखने के लिये भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के तहत एक सांविधिक और संस्थागत ढाँचा है।
- RBI का गवर्नर समिति का पदेन अध्यक्ष होता है।अत: कथन 1 सही है।
- MPC मुद्रास्फीति लक्ष्य (4%) को प्राप्त करने के लिये आवश्यक नीतिगत ब्याज दर (रेपो दर) निर्धारित करती है।
- वर्ष 2014 में तत्कालीन डिप्टी गवर्नर उर्जित पटेल के नेतृत्व में RBI द्वारा गठित समिति ने मौद्रिक नीति समिति की स्थापना की सिफारिश की थी। अत: कथन 2 सही नहीं है।

18.

उत्तर: B

व्याख्या:

### भारत में गर्भपात संबंधी कानून:

- भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 312 के तहत गर्भपात एक अपराध है। अत: कथन 1 सही है।
- हालाँकि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट, 1971 (MTP) और इसका संशोधन केवल अपराधीकरण को अपवाद की स्थिति प्रदान करता है।
- MTP अधिनियम, 1971 गर्भावस्था के 20 सप्ताह तक गर्भपात की अनुमति देता है।
- लेकिन केवल विशेष श्रेणी की गर्भवती महिलाओं जैसे कि बलात्कार या अनाचार से प्रभावित के लिये (वह भी दो पंजीकृत डॉक्टरों की मंज़ूरी के साथ) वर्ष 2021 में एक संशोधन के माध्यम से गर्भपात की सीमा को बढ़ाकर 24 सप्ताह कर दिया गया था। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- भ्रूण की विकलांगता के मामले में गर्भपात की कोई समय-सीमा नहीं है, लेकिन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों द्वारा गठित विशेषज्ञ डॉक्टरों के एक मेडिकल बोर्ड द्वारा इसकी अनुमति दी जाती है। अत: कथन 3 सही है।

19.

उत्तर:C

व्या ख्या:

### प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना:

- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' कोविड-19 के विरुद्ध लड़ाई में गरीब और संवेदनशील वर्ग की सहायता करने के लिये 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज' (PMGKP) के हिस्से के रूप में शुरू की गई थी।
- वित्त मंत्रालय इसका नोडल मंत्रालय है। अत: कथन 1 सही है।
- प्रारंभ में इस योजना की शुरुआत तीन माह (अप्रैल, मई और जून 2020) की अवधि के लिये की गई थी, जिसमें कुल 80 करोड़ राशन कार्डधारक शामिल थे। बाद में इसे नवंबर 2020 तक बढ़ा दिया गया था।
- इस योजना के चरण- I और चरण- II क्रमश: अप्रैल से जून, 2020 तथा जुलाई से नवंबर, 2020 तक संचालित थे।
- योजना का तीसरा चरण मई से जून 2021 तक संचालित था।
- योजना का चौथा चरण जुलाई-नवंबर 2021 के लिये संचालित था।
- इस योजना के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के माध्यम से पहले से ही प्रदान किये गए 5 किलोग्राम अनुदानित खाद्यान्न के अलावा प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA), 2013 के तहत 5 किलोग्राम अतिरिक्त अनाज (गेहूँ या चावल) मुफ्त में उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अत: कथन 2 सही है।

20.

उत्तर: C

व्याख्या:

## क्रय प्रबंधक सूचकांक (PMI):

- यह एक सर्वेक्षण-आधारित प्रणाली है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (PMI) के दौरान विभिन्न संगठनों से कुछ प्रश्न पूछे जाते हैं, जिसमें आउटपुट, नए ऑर्डर, व्यावसायिक अपेक्षाएँ और रोज़गार जैसे महत्त्वपूर्ण संकेतक शामिल होते हैं, साथ ही सर्वेक्षण में भाग लेने वाले लोगों से इन संकेतकों को रेट करने के लिये भी कहा जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- PMI का उद्देश्य कंपनी के निर्णयकर्त्ताओ, विश्लेषकों और निवेशकों को वर्तमान एवं भविष्य की व्यावसायिक स्थितियों के बारे में जानकारी प्रदान करना है।
- यह विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों की गणना अलग-अलग करता है, फिर एक समग्र सूचकांक भी बनाता है।
- यह आमतौर पर हर महीने की शुरुआत में जारी किया जाता है, इसलिये इसे आर्थिक गतिविधि का एक अच्छा अग्रणी संकेतक माना जाता है।
- PMI को IHS मार्किट द्वारा दुनिया भर में 40 से अधिक अर्थव्यवस्थाओं के लिये संकलित किया गया है। अत: कथन 2 सही है।
  - IHS मार्किट दुनिया भर में अर्थव्यवस्थाओं को चलाने वाले प्रमुख उद्योगों और बाज़ारों के लिये सूचना, विश्लेषण एवं समाधान हेतु एक वैश्विक मंच है। IHS मार्किट एसएंडपी ग्लोबल का हिस्सा है।

21.

उत्तर: B

व्याख्या:

## पीएम मित्र पार्क योजना:

- परिचय:
  - 'पीएम मित्र' पार्क को सार्वजनिक निजी भागीदारी (PPP) मोड में एक विशेष प्रयोजन वाहन (Special Purpose Vehicle-SPV) के ज़रिये विकसित किया जाएगा, जिसका स्वामित्व केंद्र और राज्य सरकारों के पास होगा। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - प्रत्येक 'मित्र' पार्क में एक इन्क्यूबेशन सेंटर, कॉमन प्रोसेसिंग हाउस और एक कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट तथा टेक्सटाइल संबंधी सुविधाएँ जैसे- डिज़ाइन सेंटर एवं टेस्टिंग सेंटर होंगे।
- वित्तपोषण:
  - इस योजना के तहत केंद्र सरकार सामान्य बुनियादी अवसंरचना के विकास हेतु प्रत्येक ग्रीनफील्ड 'मित्र' पार्क के लिये 500 करोड़ रुपए और प्रत्येक ब्राउनफील्ड पार्क के लिये 200 करोड़ रुपए की विकास पूंजी सहायता प्रदान करेगी। अत: कथन 2 सही है।
    - ग्रीनफील्ड का आशय एक पूर्णत: नई परियोजना से है, जिसे शून्य स्तर से शुरू किया जाना है, जबकि ब्राउनफील्ड परियोजना वह है जिस पर काम शुरू किया जा चुका है।
- प्रोत्साहन के लिये पात्रता:
  - इनमें से प्रत्येक पार्क में वस्त्र निर्माण इकाइयों की शीघ्र स्थापना के लिये प्रतिस्पर्द्धात्मक प्रोत्साहन सहायता के रूप में अतिरिक्त 300 करोड़ रुपए प्रदान किये जाएंगे।
  - कम-से-कम 100 लोगों को रोज़गार देने वाले 'एंकर प्लांट' स्थापित करने वाले निवेशक तीन वर्ष तक प्रतिवर्ष 10 करोड़ रुपए तक प्रोत्साहन पाने के लिये पात्र हैं।

22.

उत्तर: C

व्याख्या:

कॉयर जियो टेक्सटाइल:

- कॉयर प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला रेशेदार पदार्थ है जो नारियल के खोल के बाहर पाया जाता है जिसे प्राकृतिक रूप से उपयोग के लिये संसाधित किया जाता है।
- कॉयर जियो टेक्सटाइल प्राकृतिक रूप से सड़न, गलन और नमी के लिये प्रतिरोधी हैं और किसी भी माइक्रोबियल हमले से मुक्त होते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- ये उच्च स्थायित्व के साथ पारगम्य, प्राकृतिक और मज़बूत कपड़े हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- यह पूरी तरह से बायोडिग्रेडेबल है और मिट्टी को स्थिर करने में मदद करता है। अत: कथन 3 सही है।

23.

उत्तर: B

व्याख्या:

- नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA) ने शुक्र के लिये दो नए रोबोटिक मिशन ( दाविंसी प्लस और वेरिटस) की घोषणा की थी।

दाविंसी प्लस (DaVinci Plus):

- यह दो मिशनों में से पहला होगा, यह शुक्र ग्रह के घने बादल वाले वातावरण का विश्लेषण करेगा कि क्या 'इन्फर्नो' में कभी महासागर था और क्या यह संभवत: रहने योग्य था। यह गैसों को मापने के लिये एक छोटा सा यान वायुमंडल में उतारेगा।

वेरिटस (Veritas):

- यह चट्टानी ग्रह की सतह का मानचित्रण करके भूगर्भिक इतिहास की खोज करने वाला दूसरा मिशन होगा। अत: विकल्प B सही है।

24.

उत्तर: B

व्याख्या:

- वेस्ट बैंक पश्चिम एशिया में एक भूमि आबद्ध क्षेत्र है। इसमें पश्चिमी मृत सागर का एक महत्त्वपूर्ण भाग भी शामिल है।
- जॉर्डन द्वारा अरब-इज़रायल युद्ध (1948) के बाद इस पर कब्ज़ा कर लिया गया था, लेकिन इज़रायल ने वर्ष 1967 के छह दिवसीय युद्ध के दौरान इसे वापस छीन लिया और तब से इसका नियंत्रण है।
- वेस्ट बैंक, इज़रायल और जॉर्डन के बीच स्थित है।
    - इसके प्रमुख शहरों में से एक रामल्लाह है जो फिलिस्तीन की वास्तविक प्रशासनिक राजधानी भी है।
- वर्तमान में वेस्ट बैंक में 26 लाख फिलिस्तीनियों के साथ लगभग 130 औपचारिक इज़रायली बस्तियाँ हैं।
- मासाफर यट्टा उस क्षेत्र का 60% हिस्सा है जहाँ फिलिस्तीनी प्राधिकरण के संचालन पर प्रतिबंध है।
- फिलिस्तीनी चाहते हैं कि वेस्ट बैंक भविष्य में उनके राज्य का मुख्य हिस्सा बने। अत: विकल्प B सही है।

25.

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में विश्व खाद्य पुरस्कार फाउंडेशन ने विश्व खाद्य पुरस्कार 2022 की विजेता संयुक्त राज्य अमेरिका की डॉ सिंथिया रोसेनज़विग के नाम की घोषणा की।
- रोसेनज़विग को उनके शोध 'जलवायु और खाद्य प्रणालियों के बीच संबंधों को समझने तथा भविष्य में दोनों कैसे बदलेंगे एवं इसका पूर्वानुमान' के लिये पुरस्कार हेतु चुना गया।

- वर्ष 2021 में प्रमुख पोषण विशेषज्ञ डॉ. शकुंतला हरक सिंह थिल्स्टेड ने पुरस्कार जीता और वर्ष 2020 में भारतीय अमेरिकी मृदा वैज्ञानिक डॉ. रतन लाल ने पुरस्कार जीता।
- विश्व खाद्य पुरस्कार विश्व में भोजन की गुणवत्ता, मात्रा या उपलब्धता में सुधार कर उन्नत मानव विकास करने वाले व्यक्तियों की उपलब्धियों को मान्यता देने हेतु प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय सम्मान है। अत: विकल्प D सही है।

26.

उत्तर: D

व्याख्या:

टिशू कल्चर:

- यह 'उपयुक्त विकास माध्यम' में पौधे के ऊतक के एक छोटे से टुकड़े से या पौधे की बढ़ती युक्तियों से कोशिकाओं को हटाकर नए पौधों के उत्पादन की एक प्रक्रिया है।
- इस प्रक्रिया में 'विकास माध्यम' या 'कल्चर सॉल्यूशन' बहुत महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इसका उपयोग पौधों के ऊतकों को उगाने के लिये किया जाता है और इसमें 'जेली' के रूप में पौधों के विभिन्न पोषक तत्त्व होते हैं जिन्हें पौधों के हार्मोन के रूप में जाना जाता है जो पौधों की वृद्धि के लिये आवश्यक हैं।

'प्लांट टिशू कल्चर' के अनुप्रयोग:

- पौधों के श्वसन और उपापचय का अध्ययन करना।
- पौधों के अंगों के कार्यों का मूल्यांकन करना।
- विभिन्न पादप रोगों का अध्ययन करना और उनके उन्मूलन के लिये विधियों पर कार्य करना।
- एकल कोशिका क्लोन आनुवंशिक, रूपात्मक और रोग संबंधी अध्ययनों के लिये उपयोगी होते हैं।
- बड़े पैमाने पर 'क्लोनल' प्रसार के लिये भ्रूण कोशिका निलंबन का उपयोग किया जा सकता है।
- कोशिका निलंबन से दैहिक भ्रूणों को 'जर्मप्लाज़्म' बैंकों में लंबे समय तक संग्रहीत किया जा सकता है।
- नई विशेषताओं के साथ भिन्न क्लोन उत्पादन की घटनाओं को 'सोमाक्लोनल' विविधताओं के रूप में जाना जाता है।
- फसलों में सुधार के लिये अगुणित (गुणसूत्रों के एक समुच्चय के साथ) का उत्पादन।
- उत्परिवर्ती कोशिकाओं को संवर्द्धनों से चुना जा सकता है और फसल सुधार के लिये इनका उपयोग किया जा सकता है।
- अपरिपक्व भ्रूणों को पादपों की संकर प्रजाति पैदा करने के लिये इन विट्रो में संवर्द्धित (cultured) किया जा सकता है, यह एक प्रक्रिया है जिसे एम्ब्रयो रेस्क्यू (Embryo Rescue) कहा जाता है। अत: विकल्प D सही है।

27.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) के पाँचवें दौर के दूसरे चरण की राष्ट्रीय रिपोर्ट जारी की गई है।
  - राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (National Family Health Survey- NFHS) बड़े पैमाने पर किया जाने वाला एक बहु-स्तरीय सर्वेक्षण है जो पूरे भारत में परिवारों के प्रतिनिधि नमूने के रूप में किया जाता है।
- NFHS के उत्तरोत्तर चरण का मुख्य उद्देश्य भारत में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण एवं अन्य उभरते क्षेत्रों से संबंधित विश्वसनीय व तुलनीय डेटा प्रदान करना है। अत: कथन 1 सही है।
- NFHS-4 की तुलना में NFHS-5 में अधिकतर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में अधिक वज़न या मोटापे की व्यापकता बढ़ी है।
  - राष्ट्रीय स्तर पर यह महिलाओं में 21 प्रतिशत से बढ़कर 24 प्रतिशत और पुरूषों में 19 प्रतिशत से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गया। अत: कथन 2 सही नही है।
- NFHS-4 और NFHS-5 के मध्य राष्ट्रीय स्तर पर कुल प्रजनन दर (TFR) 2.2 से घटकर 2.0 हो गई है।
  - भारत में केवल पाँच राज्य हैं जो 2.1 प्रजनन क्षमता के प्रतिस्थापन स्तर से ऊपर हैं। ये राज्य हैं- बिहार, मेघालय, उत्तर प्रदेश, झारखंड और मणिपुर।अत: कथन 3 सही नही है। अत: विकल्प A सही है।

नोट :

28.

उत्तर: A

व्याख्या:

- उष्णकटिबंधीय चक्रवात एक तीव्र गोलाकार तूफान है जो गर्म उष्णकटिबंधीय महासागरों में उत्पन्न होता है और कम वायुमंडलीय दबाव, तेज़ हवाएँ व भारी बारिश इसकी विशेषताएँ हैं।
- उष्णकटिबंधीय चक्रवातों की विशिष्ट विशेषताओं में एक चक्रवात की आँख (Eye) या केंद्र में साफ आसमान, गर्म तापमान और कम वायुमंडलीय दबाव का क्षेत्र होता है।
- उष्णकटिबंधीय तूफानों के बनने और उनके तीव्र होने हेतु अनुकूल परिस्थितियाँ निम्नलिखित हैं:
  - 27 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान वाली एक बड़ी समुद्री सतह।
  - कोरिओलिस बल की उपस्थिति।
  - ऊर्ध्वाधर/लंबवत हवा की गति में छोटे बदलाव।
  - पहले से मौजूद कमज़ोर निम्न-दबाव क्षेत्र या निम्न-स्तर-चक्रवात परिसंचरण।
  - समुद्र तल प्रणाली के ऊपर विचलन (Divergence)। अत: विकल्प A सही है।

29.

उत्तर: C

व्याख्या:

- मंकीपॉक्स के विषय में: यह एक वायरल ज़ूनोटिक रोग (Zoonotic Disease- जानवरों से मनुष्यों में संचरण होने वाला रोग) है और बंदरों में चेचक जैसी बीमारी के रूप में पहचाना जाता है, इसलिये इसे मंकीपॉक्स नाम दिया गया है। यह नाइजीरिया की स्थानिक बीमारी है। अत: कथन 1 सही है।
  - मंकीपॉक्स वायरस के स्रोत के रूप में पहचाने जाने वाले जानवरों में बंदर और वानर, विभिन्न प्रकार के कृतंक (चूहों, गिलहरियों तथा प्रैरी कुत्तों सहित) एवं खरगोश शामिल हैं।
  - यह रोग मंकीपॉक्स वायरस के कारण होता है, जो पॉक्सविरिडे फैमिली (Poxviridae Family) में ऑर्थोपॉक्सवायरस जीनस (Orthopoxvirus Genus) का सदस्य है।
- मंकीपॉक्स के कारण होने वाला बुखार, अस्वस्थता और सिरदर्द आमतौर पर चिकन पॉक्स के संक्रमण की तुलना में अधिक गंभीर होता है।
  - रोग के प्रारंभिक चरण में मंकीपॉक्स को चेचक से अलग किया जा सकता है क्योंकि इसमें लिम्फ ग्रंथि (Lymph Gland) बढ़ जाती है। अत: कथन 2 सही है।

30.

उत्तर: B

व्याख्या:

- 'वेट-बल्ब' तापमान सबसे कम तापमान होता है, जिससे हवा में जल के वाष्पीकरण द्वारा निरंतर दबाव में हवा को ठंडा किया जा सकता है।
- 'वेट-बल्ब' तापमान गर्मी एवं आर्द्रता की वह सीमा है, जिसके आगे मनुष्य उच्च तापमान को सहन नहीं कर सकता है।
- 'वेट बल्ब' तापमान रुद्धोष्म संतृप्ति का तापमान है। यह हवा के प्रवाह के संपर्क में आने वाले एक नम थर्मामीटर बल्ब द्वारा इंगित तापमान है।
- रुद्धोष्म प्रक्रम वह है, जिसमें न तो कोई ऊष्मा प्राप्त की जाती है और न ही खोई जाती है। अत: विकल्प B सही है।

नोट :

31.

उत्तर: C

व्याख्या:

- गोखले ने सामाजिक सशक्तीकरण, शिक्षा के विस्तार और तीन दशकों तक भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की दिशा में कार्य किया तथा प्रतिक्रियावादी या क्रांतिकारी तरीकों के इस्तेमाल को खारिज किया।
- औपनिवेशिक विधानमंडलों में भूमिका:
  - वर्ष 1899 से 1902 के बीच वह बॉम्बे लेजिस्लेटिव काउंसिल के सदस्य रहे और वर्ष 1902 से 1915 तक उन्होंने इम्पीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल में काम किया।
  - इम्पीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल में काम करने के दौरान गोखले ने वर्ष 1909 के मॉर्ले-मिंटो सुधारों को तैयार करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस में भूमिका:
  - वह भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (INC) के नरम दल से जुड़े थे (वर्ष1889 में शामिल)।
  - बनारस अधिवेशन 1905 में वह INC के अध्यक्ष बने। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - यह वह समय था जब 'नरम दल' और लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक तथा अन्य के नेतृत्त्व वाले 'गरम दल' के बीच व्यापक मतभेद पैदा हो गए थे। वर्ष 1907 के सूरत अधिवेशन में ये दोनों गुट अलग हो गए।
  - वैचारिक मतभेद के बावजूद वर्ष 1907 में उन्होंने लाला लाजपत राय की रिहाई के लिये अभियान चलाया, जिन्हें अंग्रेज़ों द्वारा म्याँमार की मांडले जेल में कैद किया गया था।
- संबंधित सोसाइटी तथा अन्य कार्य:
  - भारतीय शिक्षा के विस्तार के लिये वर्ष 1905 में उन्होंने सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी (Servants of India Society) की स्थापना की।
  - वह महादेव गोविंद रानाडे द्वारा शुरू की गई 'सार्वजनिक सभा पत्रिका' से भी जुड़े थे। वर्ष 1908 में गोखले ने रानाडे इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक्स की स्थापना की।
  - उन्होंने अंग्रेज़ी साप्ताहिक समाचार पत्र 'द हितवाद' की शुरुआत की। अत: कथन 3 सही है।

32.

उत्तर: A

व्याख्या:

- MPLADS के तहत संसद सदस्यों (Member of Parliaments- MPs) को प्रत्येक वर्ष 2.5 करोड़ रुपए की दो किश्तों में 5 करोड़ रुपए की राशि वितरित की जाती है। MPLADS के तहत आवंटित राशि नॉन-लैप्सेबल (Non-Lapsable) होती है। अत: कथन 2 सही है।
- लोकसभा सांसदों से इस राशि को अपने लोकसभा क्षेत्रों में ज़िला प्राधिकरण परियोजनाओं (District Authorities Projects) में व्यय करने की सिफारिश की जाती है, जबकि राज्यसभा संसदों द्वारा इस राशि का उपयोग उस राज्य क्षेत्र में किया जाता है जहाँ से वे चुने गए हैं।
- राज्यसभा और लोकसभा के मनोनीत सदस्य देश में कहीं भी कार्य करने की सिफारिश कर सकते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- मुख्य रूप से अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पेयजल, प्राथमिक शिक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य, स्वच्छता और सड़कों आदि के क्षेत्र में टिकाऊ सामुदायिक संपत्ति के निर्माण पर ज़ोर देते हुए विकासात्मक प्रकृति के कार्यों की सिफारिश करने हेतु सांसदों को सक्षम बनाना। अत: कथन 3 सही नहीं है।

33.

उत्तर: B

व्याख्या:

अटल पेंशन योजना:

- यह योजना मई 2015 में सभी भारतीयों, विशेष रूप से गरीबों, वंचितों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिये एक सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रणाली बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी।
  - यह असंगठित क्षेत्र के लोगों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने और भविष्य की ज़रूरतों को कवर करने के लिये सरकार की एक पहल है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इस योजना को NPS के माध्यम से 'पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण' द्वारा प्रशासित किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- इस योजना में 18-40 वर्ष के बीच की आयु वाला भारत का कोई भी नागरिक शामिल हो सकता है। इस योजना में देर से शामिल होने वाले ग्राहक की योगदान राशि ज़्यादा और जल्दी शामिल होने वाले ग्राहक की योगदान राशि कम होती है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- यह अभिदाताओं को उनके योगदान के अनुसार 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर 1000 रुपए से 5000 रुपए तक की न्यूनतम गारंटीड पेंशन प्रदान करता है।
- सरकार द्वारा न्यूनतम पेंशन की गारंटी दी जाएगी, अर्थात यदि योगदान के आधार पर संचित कोष निवेश पर अनुमानित रिटर्न से कम अर्जित करता है और न्यूनतम गारंटीकृत पेंशन प्रदान करने के लिये अपर्याप्त है, तो केंद्र सरकार अपर्याप्तता की स्थिति में निधि प्रदान करेगी।
  - वैकल्पिक रूप से यदि निवेश पर प्रतिफल अधिक है तो अभिदाताओं को बढ़े हुए पेंशन लाभ प्राप्त होंगे।
- अभिदाता मासिक/तिमाही/अर्द्धवार्षिक आधार पर अटल पेंशन योजना में अंशदान कर सकते हैं। अत: विकल्प B सही है।

34.

उत्तर: A

व्याख्या:

- मौलिक अधिकार अटल या स्थायी नहीं हैं और संसद केवल एक संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा इन्हें कम या निरस्त कर सकती है। अत: कथन 1 सही है।
- ये असीमित नहीं हैं लेकिन वाद योग्य हैं।
- राज्य उन पर उचित प्रतिबंध लगा सकता है। हालाँकि कारण उचित है या नहीं इसका निर्णय अदालत करती है।
- ये न्यायोचित हैं। जब भी इनका उल्लंघन होता है ये व्यक्तियों को अदालत जाने की अनुमति देते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के मामले में कोई भी पीड़ित व्यक्ति सीधे सर्वोच्च न्यायालय की शरण में जा सकता है।

35.

उत्तर: C

व्याख्या:

हल्दीघाटी का युद्ध:

- वर्ष 1576 में हल्दीघाटी का युद्ध मेवाड़ के राणा प्रताप सिंह और मुगल सम्राट अकबर की सेना के मध्य लड़ा गया था, जिसमें मुगल सेना का नेतृत्त्व आमेर के राजा मान सिंह द्वारा किया गया था।
- महाराणा प्रताप ने वीरतापूर्ण इस युद्ध को लड़ा, लेकिन मुगल सेना ने उन्हें पराजित कर दिया।
- ऐसा कहा जाता है कि महाराणा प्रताप को युद्ध के मैदान से बाहर निकालने के दौरान चेतक' (Chetak) नामक उनके वफादार घोड़े ने अपनी जान दे दी थी। अत: विकल्प C सही है।

नोट :

36.

उत्तर: B

व्याख्या:

- डब्ल्यू बोसॉन एक मौलिक कण है। जेड बोसॉन के साथ यह कमज़ोर बल निर्मित करता है। यह चार मूलभूत बलों में से एक है जो हमारे ब्रह्मांड में पदार्थ के व्यवहार को नियंत्रित करता है।
- डब्ल्यू बोसॉन को पहली बार वर्ष 1983 में फ्रेंको-स्विस सीमा पर स्थित यूरोपियन ऑर्गनाइज़ेशन फॉर न्यूक्लियर रिसर्च (CERN) में देखा गया था। अत: कथन 3 सही है।
  - फोटॉन के विपरीत डब्ल्यू बोसॉन काफी बड़े पैमाने पर होते हैं जो द्रव्यमान रहित होते हैं, अत: वे जिस कमज़ोर बल की मध्यस्थता करते हैं, वह बहुत कम होता है। अत: कथन 2 सही है।
- फोटॉन के विपरीत यह विद्युतीय रूप से उदासीन है किंतु डब्ल्यू-प्लस और डब्ल्यू-माइनस दोनों पर बड़े पैमाने पर चार्ज किये जाते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।

37.

उत्तर : A

व्याख्या:

- 2019 की दिल्ली घोषणा, UNCCD के 14वें CoP द्वारा हस्ताक्षरित, भूमि पर बेहतर पहुँचऔर प्रबंधन का आह्वान करती है तथा लिंग-संवेदनशील परिवर्तनकारी परियोजनाओं पर ज़ोर देती है। अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।
- बॉन चुनौती (Bonn Challenge): यह एक वैश्विक प्रयास है। इसके तहत वर्ष 2020 तक दुनिया के 150 मिलियन हेक्टेयर गैर-वनीकृत एवं बंजर भूमि और वर्ष 2030 तक 350 मिलियन हेक्टेयर भूमि पर वनस्पतियाँ उगाई जाएंगी। अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।
- ग्रेट ग्रीन वॉल: इसका उद्देश्य अफ्रीका की निम्नीकृत भूमि का पुनर्निर्माण करना तथा विश्व के सर्वाधिक गरीब क्षेत्र, साहेल (Sahel) में निवास करने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। इस परियोजना को अफ्रीकी संघ द्वारा UNCCD, विश्व बैंक और यूरोपीय आयोग सहित कई भागीदारों के सहयोग से शुरू किया गया था। अत: युग्म 3 सुमेलित नहीं है। अत: विकल्प A सही है।

38.

उत्तर: A

व्याख्या:

- O-RAN एक तकनीक नहीं है, बल्कि मोबाइल नेटवर्क आर्किटेक्चर में एक निरंतर बदलाव है जो विभिन्न प्रकार के विक्रेताओं से उप-घटकों का उपयोग करके नेटवर्क बनाने की अनुमति देता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- O-RAN एकल-विक्रेता स्वामित्व आर्किटेक्चर के विपरीत मोबाइल नेटवर्क को प्रसारित करने के लिये एक ओपन, बहु-विक्रेता आर्किटेक्चर प्रणाली है।
- O-RAN विभिन्न कंपनियों द्वारा निर्मित हार्डवेयर को एक साथ काम करने में सक्षम बनाने के लिये सॉफ्टवेयर का उपयोग करता है।
- ओपन RAN की प्रमुख अवधारणा RAN में विभिन्न उप-घटकों (रेडियो, हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर) के बीच प्रोटोकॉल एवं इंटरफेस को "खोलना" है। अत: कथन 2 सही है।

39.

उत्तर: D

व्याख्या:

संबंधित पहलें:

- नमामि गंगे कार्यक्रम: नमामि गंगे कार्यक्रम एक एकीकृत संरक्षण मिशन है जिसे जून 2014 में केंद्र सरकार द्वारा 'फ्लैगशिप कार्यक्रम' के रूप में अनुमोदित किया गया था ताकि प्रदूषण के प्रभावी उन्मूलन और राष्ट्रीय नदी गंगा के संरक्षण एवं कायाकल्प जैसे दोहरे उद्देश्यों को पूरा किया जा सके।

- गंगा एक्शन प्लान: यह पहली नदी कार्ययोजना थी जो 1985 में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा लाई गई थी। इसका उद्देश्य जल अवरोधन, डायवर्ज़न व घरेलू सीवेज के उपचार द्वारा पानी की गुणवत्ता में सुधार करना तथा विषाक्त एवं औद्योगिक रासायनिक कचरे (पहचानी गई प्रदूषणकारी इकाइयों से) को नदी में प्रवेश करने से रोकना था। अत: कथन 2 सही है।
  - राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना गंगा एक्शन प्लान का ही विस्तार है। इसका उद्देश्य गंगा एक्शन प्लान के फेज-2 के तहत गंगा नदी की सफाई करना है।
- राष्ट्रीय नदी गंगा बेसिन प्राधिकरण (NRGBA): इसका गठन भारत सरकार द्वारा वर्ष 2009 में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा-3 के तहत किया गया था।
  - वर्ष 2008 में गंगा को भारत की 'राष्ट्रीय नदी' घोषित किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- स्वच्छ गंगा कोष: वर्ष 2014 में इसका गठन गंगा की सफाई, अपशिष्ट उपचार संयंत्रों की स्थापना तथा नदी की जैविक विविधता के संरक्षण के लिये किया गया था।
- भुवन-गंगा वेब एप: यह गंगा नदी में होने वाले प्रदूषण की निगरानी हेतु जनता की भागीदारी सुनिश्चित करता है।
- अपशिष्ट निपटान पर प्रतिबंध: वर्ष 2017 में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा गंगा नदी में किसी भी प्रकार के कचरे के निपटान पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

40.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में नीति आयोग द्वारा एम-प्राइम (प्रोग्राम फॉर रिसर्चर्स इन इनोवेशन, मार्केट रेडीनेस एंड एंटरप्रेन्योरशिप-एम-प्राइम) प्लेबुक लॉन्च की गई है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- एम-प्राइम प्लेबुक (AIM-PRIME Playbook) का उद्देश्य मिश्रित शिक्षण पाठ्यक्रम का उपयोग करते हुए 12 माह की अवधि में प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के माध्यम से प्रारंभिक चरण के विज्ञान-आधारित, गहन प्रौद्योगिकी विचारों को बाज़ार में बढ़ावा देना है। अत: कथन 2 सही है।
  - डीप टेक्नोलॉजी मूर्त इंजीनियरिंग नवाचार या वैज्ञानिक प्रगति और खोजों पर आधारित है। डीप टेक को प्राय: इसकी गहन सक्षम शक्ति, इसके द्वारा पैदा की जा सकने वाली भिन्नता और परिवर्तन को उत्प्रेरित करने की क्षमता से अलग किया जाता है।

41.

उत्तर: C

व्याख्य:

युद्धकालीन सर्वोच्च वीरता पुरस्कार:

- परमवीर चक्र:
- यह भारत का सर्वोच्च सैन्य अलंकरण है, जो युद्ध (चाहे वह ज़मीन पर हो, समुद्र में या हवा में) के दौरान अद्वितीय साहस और असाधारण वीरता के कार्यों को प्रदर्शित करने के लिये दिया जाता है। अत: युग्म 1 सुमेलित नहीं है।
- महावीर चक्र:
- यह ज़मीन पर, समुद्र में या हवा में दुश्मन की उपस्थिति में विशिष्ट वीरता के कार्यों के लिये दिया जाने वाला दूसरा सर्वोच्च वीरता पुरस्कार है। अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।
- वीर चक्र:
- यह परमवीर चक्र और महावीर चक्र के बाद देश का तीसरा सबसे बड़ा युद्धकालीन वीरता पुरस्कार है। अत: युग्म 3 सही सुमेलित है। अत: विकल्प C सही है।

नोट :

42.

उत्तर: A

व्याख्या:

विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO):

- विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) 192 देशों की सदस्यता वाला एक अंतर-सरकारी संगठन है।
  - भारत विश्व मौसम विज्ञान संगठन का सदस्य देश है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इसकी उत्पत्ति अंतर्राष्ट्रीय मौसम विज्ञान संगठन (IMO) से हुई है, जिसे वर्ष 1873 के वियना अंतर्राष्ट्रीय मौसम विज्ञान कॉन्ग्रेस के बाद स्थापित किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- 23 मार्च, 1950 को WMO कन्वेंशन के अनुसमर्थन द्वारा स्थापित WMO, मौसम विज्ञान (मौसम और जलवायु), परिचालन जल विज्ञान तथा इससे संबंधित भू-भौतिकीय विज्ञान हेतु संयुक्त राष्ट्र की विशेष एजेंसी बन गई है।
- WMO का मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में है। अत: कथन 3 सही नहीं है

43.

उत्तर:D

व्याख्या:

क्षमादान के प्रकार:

- क्षमा (Pardon): इसमें दंड और बंदीकरण दोनों को हटा दिया जाता है तथा दोषी की सज़ा को दंड, दंडादेशों एवं निर्हर्ताओं से पूर्णत: मुक्त कर दिया जाता है।
- लघुकरण (Commutation): इसमें दंड के स्वरुप में परिवर्तन करना शामिल है, उदाहरण के लिये मृत्युदंड को आजीवन कारावास और कठोर कारावास को साधारण कारावास में बदलना।अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।
- परिहार (Remission): इसमें दंड कीअवधि को कम करना शामिल है, उदाहरण के लिये दो वर्ष के कारावास को एक वर्ष के कारावास में परिवर्तित करना।अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।
- विराम (Respite): इसके अंतर्गत किसी दोषी को प्राप्त मूल सज़ा के प्रावधान को किन्हीं विशेष परिस्थितियों में बदलना शामिल है। उदाहरण के लिये महिला की गर्भावस्था की अवधि के कारण सज़ा को परिवर्तित करना।अत: युग्म3 सही सुमेलित है।
- प्रविलंबन (Reprieve): इसका अर्थ है अस्थायी समय के लिये किसी सज़ा (विशेषकर मृत्युदंड) के निष्पादन पर रोक लगाना। इसका उद्देश्य दोषी को राष्ट्रपति से क्षमा या लघुकरण प्राप्त करने के लिये समय देना है।अत: युग्म 4 सही सुमेलित नहीं है।

44.

उत्तर: C

व्याख्या:

- पीआरआई को 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के माध्यम से ज़मीनी स्तर पर लोकतंत्र को साकार करने के लिये संवैधानिक दर्ज़ा प्रदान किया गया और इसे देश में ग्रामीण विकास का कार्य सौंपा गया।
- अनिवार्य प्रावधान:
  - ग्राम सभाओं का गठन।
  - ज़िला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर त्रिस्तरीय पंचायती राज संरचना का निर्माण।
  - लगभग सभी पद, सभी स्तरों पर प्रत्यक्ष चुनाव द्वारा भरे जाएंगे।
  - पंचायती राज संस्थाओं का चुनाव लड़ने हेतु न्यूनतम आयु 21 वर्ष होनी चाहिये। अत: कथन 2 सही है।
  - ज़िला एवं प्रखंड स्तर पर अध्यक्ष का पद अप्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा भरा जाना चाहिये।
  - पंचायतों में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लिये उनकी जनसंख्या के अनुपात में और पंचायतों में महिलाओं के लिये एक-तिहाई सीटें आरक्षित होनी चाहिये।

नोट :

- पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव कराने के लिये प्रत्येक राज्य में राज्य चुनाव आयोग का गठन किया जाएगा।
- पंचायती राज संस्थाओं का कार्यकाल पाँच वर्ष है, यदि इन्हें पहले भंग कर दिया जाता है, तो छह महीने के भीतर नए चुनाव कराने होंगे।
- हर पाँच वर्ष में प्रत्येक राज्य में एक राज्य वित्त आयोग का गठन किया जाना। अत: कथन 3 सही है।

- स्वैच्छिक प्रावधान:
  - इन निकायों में केंद्र और राज्य विधानसभाओं के सदस्यों को मतदान का अधिकार देना।
  - पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण प्रदान करना। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - पंचायती राज संस्थाओं को कर, शुल्क आदि के संबंध में वित्तीय अधिकार दिये जाने चाहिये तथा पंचायतों को स्वायत्त निकाय बनाने का प्रयास किया जाएगा।

45.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत का विधि आयोग समय-समय पर भारत सरकार द्वारा गठित एक गैर-सांविधिक निकाय है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- स्वतंत्र भारत का पहला विधि आयोग 1955 में तीन साल के कार्यकाल के लिये स्थापित किया गया था। तब से इक्कीस और आयोगों की स्थापना की गई है।
- पहला विधि आयोग 1834 में ब्रिटिश शासन काल के दौरान 1833 के चार्टर अधिनियम द्वारा स्थापित किया गया था और इसकी अध्यक्षता लॉर्ड मैकाले ने की थी। अत: कथन 2 सही है।
- यह कानून और न्याय मंत्रालय के सलाहकार निकाय के रूप में काम करता है। अत: कथन 3 सही है।

46.

उत्तर: A

व्याख्या:

- राखीगढ़ी भारतीय उपमहाद्वीप का सबसे बड़ा हड़प्पा स्थल है। अत: कथन 1 सही है।
  - भारतीय उपमहाद्वीप में सिंधु घाटी सभ्यता (हड़प्पा सभ्यता) के अन्य बड़े स्थल पाकिस्तान में हड़प्पा, मोहनजोदड़ो और गनवेरीवाल तथा भारत में धोलावीरा (गुजरात) हैं।
- राखीगढ़ी में इस सभ्यता की शुरुआत का पता लगाने और 6000 ईसा पूर्व (पूर्व-हड़प्पा चरण) से 2500 ईसा पूर्व तक इसके क्रमिक विकास का अध्ययन करने के लिये खुदाई की जा रही है।
  - इस स्थल का उत्खनन कार्य ASI के अमरेंद्र नाथ के नेतृत्व में किया गया। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- हाल ही में भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (ASI) द्वारा हड़प्पा सभ्यता के राखीगढ़ी स्थल की खुदाई में कुछ घरों, गलियों और जल निकासी व्यवस्था की संरचना का पता चला है।
  - ASI की खुदाई में तांबे और सोने के आभूषण, टेराकोटा के खिलौनों के अलावा हज़ारों मिट्टी के बर्तन और मुहरें भी मिली हैं।
  - इसके अलावा उत्खनन में मिले दो मानव कंकालों के डीएनए नमूने एकत्र कर उन्हें वैज्ञानिक जाँच के लिये भेजा गया है, इन डीएनए नमूनों की जाँच रिपोर्ट के आधार पर हज़ारों साल पहले राखीगढ़ी क्षेत्र में रहने वाले लोगों की वंश परंपरा और भोजन की आदतों के बारे में पता लगाया जा सकता है।

47.

उत्तर: C

व्याख्या:

एशियाई चुनाव प्राधिकरणों का संघ (AAEA):

- 26-29 जनवरी, 1997 को मनीला, फिलीपींस में आयोजित इक्कीसवीं सदी में एशियाई चुनावों पर संगोष्ठी के प्रतिभागियों द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुसरण में, एशियाई चुनाव प्राधिकरणों का संघ (AAEA) वर्ष 1998 में स्थापित किया गया था। अत: कथन 1 सही है।

नोट :

- वर्तमान में 20 एशियाई चुनाव निगरानी निकाय एएईए के सदस्य हैं।
- भारत का चुनाव आयोग (ECI) एएईए का एक संस्थापक सदस्य ईएमबी है और इसने 2011-13 के दौरान उपाध्यक्ष और 2014-16 के दौरान अध्यक्ष के रूप में एएईए के कार्यकारी बोर्ड में भी कार्य किया। अत: कथन 2 सही है।
- एसोसिएशन ऑफ एशियन इलेक्शन अथॉरिटीज़ का मिशन चुनाव अधिकारियों के बीच अनुभव और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिये एशियाई क्षेत्र में एक गैर-पक्षपातपूर्ण मंच प्रदान करना है।
- AAEA विश्व चुनाव निकायों के 118 सदस्यीय संघ (A-WEB) का एक सहयोगी सदस्य भी है।
- 7 मई, 2022 को मनीला, फिलीपींस में कार्यकारी बोर्ड और महासभा की हाल ही में आयोजित बैठक में भारत को सर्वसम्मति से 2022-2024 के लिये एसोसिएशन ऑफ एशियन इलेक्शन अथॉरिटीज़ (AAEA) के नए अध्यक्ष के रूप में चुना गया है।
- कार्यकारी बोर्ड में शामिल नए सदस्यों में रूस, उज़्बेकिस्तान, श्रीलंका, मालदीव, ताइवान और फिलीपींस हैं।

48.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत निर्वाचन आयोग (ECI) एक संवैधानिक निकाय है जिसकी परिकल्पना भारतीय संविधान में निहित समानता, निष्पक्षता, स्वतंत्रता के मूल्यों और चुनावी शासन पर अधीक्षण, निर्देशन व नियंत्रण में कानून के शासन को बनाए रखने के लिये की गई है।
- भारतीय संविधान का भाग XV चुनावों से संबंधित है और ECI की स्थापना का प्रावधान करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - संविधान का अनुच्छेद 324 से 329 आयोग और सदस्यों की शक्तियों, कार्य, कार्यकाल, पात्रता आदि से संबंधित है।
  - ECI के सदस्यों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री की सिफारिश के आधार पर की जाती है। अत: कथन 2 सही है।
  - हालाँकि अनुच्छेद 324 (2) में प्रावधान है कि संसद को चुनाव आयुक्तों (Election Commissioners- ECs) की नियुक्ति के संबंध में कानून बनाने का अधिकार है।
- इनका कार्यकाल छह साल या 65 वर्ष की आयु तक (जो भी पहले हो) होता है। अत: कथन 3 सही है। अत: विकल्प C सही है।

49.

उत्तर: D

व्याख्या:

विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI):

- विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (Foreign Portfolio Investment- FPI) में विदेशी निवेशकों द्वारा निष्क्रिय रूप से रखी गई प्रतिभूतियाँ और अन्य वित्तीय परिसंपत्तियाँ शामिल होती हैं। यह निवेशक को वित्तीय परिसंपत्तियों का प्रत्यक्ष स्वामित्व प्रदान नहीं करता तथा बाज़ार की अस्थिरता के आधार पर अपेक्षाकृत तरल होती हैं। अत: कथन 1 सही है।
  - FPI के उदाहरणों में स्टॉक, बॉण्ड, म्यूचुअल फंड, एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स , अमेरिकन डिपॉजिटरी रिसिप्ट्स (ADRs) और ग्लोबल डिपॉजिटरी रिसिप्ट्स (GDRs) शामिल हैं।
- FPI किसी देश के पूंजी खाते का हिस्सा होता है और इसके भुगतान संतुलन (Balance of Payments- BOP) में दर्शाया जाता है।
  - BOP एक मौद्रिक वर्ष में एक देश से दूसरे देशों में होने वाले धन के प्रवाह की मात्रा को मापता है।
- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा वर्ष 2014 के पूर्ववर्ती FPI विनियमों के स्थान पर नया एफपीआई विनियम, 2019 लागू किया गया।
- FPI को अक्सर "हॉट मनी" के रूप में संदर्भित किया जाता है क्योंकि यह अर्थव्यवस्था में किसी भी प्रकार के संकट की स्थिति में सबसे पहले भागने वाले संकेतों की प्रवृत्ति को दर्शाता है। एफपीआई अधिक तरल और अस्थिर होता है, इसलिये यह FDI की तुलना में अधिक जोखिमभरा है। अत: कथन 2 सही है।

50.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में इवेंट होराइज़न टेलीस्कोप (Event Horizon Telescope- EHT) की सहायता से वैज्ञानिकों ने हमारी आकाशगंगा (मिल्की वे) के केंद्र में सैगेटेरियस A* (Sagittarius A*) नामक ब्लैक होल की पहली छवि की पुष्टि की है।
- ब्लैक होल की इस छवि को सैगेटेरियस A* (A- ऐस्टरिस्क) के रूप में संदर्भित किया गया है, जिसने इस विचार को और मज़बूती प्रदान की है कि हमारी आकाशगंगा के केंद्र में सघन वस्तु वास्तव में एक ब्लैक होल है।
- यह धनु और वृश्चिक राशि के नक्षत्रों की सीमा के निकट है। यह हमारे सूर्य से 4 मिलियन गुना अधिक विशाल है।
- EHT दुनिया के विभिन्न हिस्सों में स्थित 8 रेडियो दूरबीनों (अंतरिक्ष से रेडियो तरंगों का पता लगाने के लिये प्रयुक्त) का एक समूह है। अत: विकल्प A सही है।

51.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाइपरटेंशन:रक्तचाप शरीर की धमनियों (Arteries) द्वारा शरीर की प्रमुख रक्त वाहिकाओं (Blood Vessels) की दीवारों पर परिसंचारी रक्त (Circulating Blood) द्वारा लगाया जाने वाला बल है।
  - हाइपरटेंशन की स्थिति तब उत्पन्न होती है जब रक्तचाप बहुत अधिक होता है।
    - इसे प्रकुंचन रक्तदाब स्तर 140 mmHg से अधिक या उसके बराबर या संकुचन रक्तदाब स्तर 90 mmHg से अधिक या उसके बराबर या/और रक्तदाब को कम करने के लिये 'एंटी-हाइपरटेंसिव' दवा लेने के रूप में परिभाषित किया गया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- प्रसार: दक्षिणी राज्यों में राष्ट्रीय औसत की तुलना में उच्च रक्तचाप का प्रसार अधिक है। अत: कथन 2 सही है।
  - केरल (32.8% पुरुष और 30.9% महिलाएँ) में तेलंगाना के बाद सबसे अधिक ऐसे लोगों की संख्या है।
  - देश में 21.3% महिलाओं और 15 वर्ष से अधिक आयु के 24% पुरुषों में हाइपरटेंशन की समस्या है। अत: विकल्प B सही है।

52.

उत्तर: D

व्याख्या:

- नीम कोटेड यूरिया (Neem Coated Urea- NCU):
  - उर्वरक विभाग (DoF) ने सभी घरेलू उत्पादकों के लिये शत-प्रतिशत यूरिया का उत्पादन 'नीम कोटेड यूरिया' (NCU) के रूप में करना अनिवार्य कर दिया है। अत: कथन 1 सही है।
  - 'नीम कोटेड यूरिया' के उपयोग के लाभ:
    - मृदा स्वास्थ्य में सुधार।
    - पौध संरक्षण रसायनों के उपयोग में कमी।
    - कीट और रोग के हमले में कमी।
    - धान, गन्ना, मक्का, सोयाबीन, अरहर आदि की उपज में वृद्धि।
    - गैर-कृषि उद्देश्यों के लिये उपयोग में कमी। अत: कथन 2 सही है।
    - नाइट्रोजन के धीमे रिसाव के कारण 'नीम कोटेड यूरिया' की नाइट्रोजन उपयोग दक्षता (NUE) बढ़ जाती है, जिसके परिणामस्वरूप सामान्य यूरिया की तुलना में 'नीम कोटेड यूरिया' में नाइट्रोजन की खपत कम होती है।

53.

उत्तर: B

व्याख्या:

## PMFBY योजना:

- यह योजना किसानों को फसल की विफलता (खराब होने) की स्थिति में एक व्यापक बीमा कवर प्रदान करती है, जिससे किसानों की आय को स्थिर करने में मदद मिलती है।
- अधिसूचित फसलों हेतु फसल ऋण/किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) खाते में ऋण लेने वाले किसानों के लिये इस योजना को अनिवार्य बनाया गया है, जबकि अन्य किसान स्वेच्छा से इस योजना से जुड़ सकते हैं।
  - वर्तमान में यह योजना सभी किसानों के लिये स्वैच्छिक है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- दायरा (Scope): वे सभी खाद्य और तिलहनी फसलें तथा वार्षिक वाणिज्यिक/ बागवानी फसलें, जिनके लिये पिछली उपज के आँकड़े उपलब्ध हैं।
- बीमा किस्त: इस योजना के तहत किसानों द्वारा दी जाने वाली निर्धारित बीमा किस्त/ प्रीमियम- खरीफ की सभी फसलों के लिये 2% और सभी रबी फसलों के लिये 1.5% है। वार्षिक वाणिज्यिक तथा बागवानी फसलों के मामले में बीमा किस्त 5% है।अत: कथन 2 सही है।
  - किसानों के हिस्से की प्रीमियम लागत का वहन राज्यों और केंद्र सरकार द्वारा सब्सिडी के रूप में बराबर साझा किया जाता है।
  - हालाँकि पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में केंद्र सरकार द्वारा इस योजना के तहत बीमा किस्त सब्सिडी का 90% हिस्सा वहन किया जाता है। अत: विकल्प B सही है।

54.

उत्तर: A

व्याख्या:

- क्रिप्टोकरेंसी जिसे कभी-कभी क्रिप्टो-मुद्रा या क्रिप्टो कहा जाता है, मुद्रा का एक रूप है जो डिजिटल या आभासी रूप में पाई जाती है तथा लेन-देन को सुरक्षित करने के लिये क्रिप्टोग्राफी का उपयोग करती है। अत: कथन 1 सही है।
- क्रिप्टोकरेंसी में मुद्रा जारी करने या विनियमित करने वाला कोई केंद्रीय प्राधिकरण नहीं है। यह लेन-देन को रिकॉर्ड करने और नई इकाइयों को जारी करने के लिये विकेंद्रीकृत प्रणाली का उपयोग करती है।
  - यह एक विकेंद्रीकृत पीयर-टू-पीयर नेटवर्क द्वारा संचालित होता है जिसे ब्लॉकचेन कहा जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

55.

उत्तर: B

व्याख्या:

- वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (Council of Scientific and Industrial Research- CSIR)- कोशिकीय एवं आणविक जीवविज्ञान केंद्र (The Centre for Cellular & Molecular Biology-CCMB) ने पहले स्वदेशी mRNA वैक्सीन तकनीक के 'सिद्धांत के प्रमाण' की सफलता की घोषणा की है।
- mRNA वैक्सीन हमारी कोशिकाओं को प्रोटीन बनाने की प्रक्रिया में mRNA का उपयोग करती  है और यह प्रोटीन हमारे शरीर के अंदर प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को शुरू करता है। जब असली वायरस हमारे शरीर में प्रवेश करता है तो प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया जो एंटीबॉडी का उत्पादन करती है, हमें संक्रमित होने से बचाती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- ह्यूमन ACE2 रिसेप्टर उत्पन्न एंटी-स्पाइक एंटीबॉडी की सहायता से कोरोनवायरस को बाध्य करने या रोकने में 90% से अधिक कुशल पाया गया है।
  - एंजियोटेंसिन कनवर्टिंग एंजाइम 2 (ACE-2), जिसे एसीईएच (ACE homolog) के नाम से जाना जाता है, एक अभिन्न मेम्ब्रेन प्रोटीन है।
  - ACE-2 SARS-CoV और SARS-CoV-2 वायरस के लिये ग्राही के रूप में कार्य करता है।
  - यह कोरोनावायरस को मानव कोशिकाओं की एक विस्तृत श्रृंखला में प्रवेश करने और संक्रमित करने के लिये प्रवेश बिंदु प्रदान करता है। अत: कथन 2 सही है।

नोट :